BORDER NEWS MIRROR

ISSUE :

₹5

www.bordernewsmirror.com | Only bilingual Newspaper | 18-06-2022 ( Saturday )



// PAGE

**'गुड लक जेरी' का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट**

खूबसूरत अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की फिल्म 'गुड लक जेरी' का फर्स्ट लुक पोस्टर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है।

// PAGE

**प्रियंका ने दी माँ मधु को जन्मदिन की बधाई**

प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी माँ को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है।

// PAGE

**चार चांद लगाने से चूकीं शिल्पा शेट्टी**

20 साल पुराना गाना। पांच साल पुरानी फिल्म की रीमेक और दो साल से रिलीज का इंतजार करती फिल्म।



# बिहार में 'अग्निपथ' : तीसरे दिन भी प्रदर्शनकारियों का बवाल

पटना

**-उप मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के घर और कार्यालय पर हमला**
**-समस्तीपुर, लखीसराय और सुपौल में ट्रेनों में लगाई आग**
**-स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने की हवाई फायरिंग**

पटना। केंद्र सरकार की सेना भर्ती योजना 'अग्निपथ' के विरोध में शुक्रवार लगातार तीसरे दिन सुबह से ही पूरे प्रदेश में प्रदर्शनकारियों ने बवाल मचा रखा है। बेतिया में उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के आवास पर हमला हुआ। उग्र प्रदर्शनकारियों ने डिप्टी सीएम के घर पर हमला के बाद बाहर निकलने पर सड़क पर कई गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारी युवकों ने प्रशासन के ऊपर भी पथराव किया। पुलिस को कई राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। बगहा में भाजपा दफ्तर में तोड़फोड़ की गई। इसके बाद एनएच-727 सुप्रिया रोड में गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। भीड़ ने उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के आवास पर पथराव किया, जिसमें उनके घर का शीशा टूट गया है। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। डिप्टी सीएम के आवास में रहने वाले किरायेदार और अन्य स्टाफ ने बताया कि भीड़ अंदर घुसना चाहती थी। घर का ताला तोड़ने की कोशिश की गई। आरोप लगाया गया सूचना देने के बाद भी पुलिस तुरंत मौके पर नहीं पहुंची। समस्तीपुर में भाजपा नेता बिरेन्द्र यादव के घर पर पत्थरबाजी की गई। प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के आवास और नर्सिंग होम पर भी हमला किया गया। भाजपा विधायक विनय बिहारी के गाड़ी को भी प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया। विधायक ने कहा कि उनकी गाड़ी को भी तोड़ा गया है।इसमें 40 साल के भी लोग थे शामिल जो छात्र नहीं हो सकते हैं। ये लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के नेताओं को गंदी गालियां दे रहे थे। इस भीड़ में राजनीतिक दलों के लोग भी शामिल थे। रोहतास में प्रदर्शनकारियों ने एनएच-2 पर स्थित टोल प्लाजा में आग लगा दी। उनको खदेड़ने के लिए पुलिस ने को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। पाली में उग्र प्रदर्शन कर थाना पर पथराव किया गया। पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लगातार 25 राउंड फायरिंग की। पटना जिले के दानापुर रेल मंडल के बिहटा रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने रेलवे का चक्का जाम कर दिया। सुपौल में रेलवे स्टेशन परिसर में युवकों ने जमकर तोड़फोड़ की। पहले टायर जलाकर प्रदर्शन किया, फिर ट्रेन में आग लगा दी गई। समस्तीपुर और लखीसराय में भी ट्रेन को आग के हवाले कर दिया। बेगूसराय में भी काफी बवाल हुआ। यहां प्रदर्शनकारियों के आक्रामक रवैये के कारण रेल और रोड परिचालन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। जगह-जगह रेलवे ट्रैक को जमकर आगजनी किए जाने से बरौनी-कटिहार, बरौनी-हाजीपुर एवं बरौनी-हाथिदह-मोकामा रेलखंड पर परिचालन ठप हो गया है। एनएच पर भी यातायात ठप हो गया। सैकड़ों प्रदर्शनकारी बरौनी-कटिहार रेल खंड के लखमीनिया स्टेशन पर पहुंच गए तथा आगजनी कर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। प्रदर्शनकारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। दूसरी ओर अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन तथा मोहम्मद साहब पर विवादित टिप्पणी को लेकर संप्रदाय विशेष ने शुक्रवार को जुमे के दिन विरोध-प्रदर्शन के आह्वान को देखते हुए बेगूसराय में 97 जगहों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। डीएम एवं एसपी ने बताया कि जिसके मद्देनजर जिले के पांचों अनुमंडल में सभी रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौक-चौराहा सहित 97 जगहों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट एवं बॉडी प्रोटेक्टर आदि भी दिए गए हैं। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थानाध्यक्ष निगरानी और कड़ी चौकसी के साथ गश्ती करते हुए विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। समाहरणालय परिसर में 06243-222835 नियंत्रण कक्ष भी एक्टिव है। अग्निशमन विभाग एवं स्वास्थ्य सेवा को पूरी तैयारी के साथ अलर्ट मोड में रखा गया है। पल-पल की गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।



## बेगूसराय के बलिया में युवाओं ने किया "अग्निपथ" योजना का स्वागत

बेगूसराय

बेगूसराय। अग्निपथ को लेकर हर तरफ हो रहे प्रदर्शन के बीच बेगूसराय के बलिया में युवाओं ने नरेन्द्र मोदी सरकार के "अग्निपथ" का जोरदार स्वागत किया है। बलिया प्रखंड के भगतपुर में बैठक कर सरकार के निर्णय की सराहना की गई है। मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के बलिया दक्षिणी मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार ने कहा कि भारत के युवाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सरकारी विभागों में अगले डेढ़ साल में दस लाख नौजवानों की भर्ती करने का निर्देश दिया है। इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है। श्याम सुंदर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित "अग्निपथ" योजना देश के युवाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा और युवा चार साल के लिए सेना में शामिल होकर देश की सेवा करेंगे।




# बिहार में 'अग्निपथ' : 12 जिलों में इंटरनेट सेवा पर रोक, बेतिया में धारा-144 लागू




फाइल फोटो

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार में 'अग्निपथ' को लेकर लगातार उग्र होते जा रहे प्रदर्शन के मद्देनज़र 12 जिलों में इंटरनेट सेवा पर दो दिनों के लिए रोक लगा दी गई है। अब 19 जून के बाद ही लोग किसी भी सोशल मीडिया का उपयोग कर सकेंगे। बिहार सरकार के गृह विभाग विशेष शाखा के आदेश पर सभी नेटवर्क प्रोवाइडर ने अपने उपभोक्ताओं को संदेश भेजना शुरु कर दिया है। गृह विभाग के आदेश में कहा गया है कि सोशल नेटवर्किंग साइट एवं इंटरनेट मैसेजिंग सर्विस का दुरुपयोग होने के कारण विधि व्यवस्था में समस्या हो रही है। इसके मद्देनजर बेगूसराय, समस्तीपुर, लखीसराय, कैमूर, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, नवादा, पश्चिम चंपारण, वैशाली एवं सारण इंटरनेट सेवा 19 जून तक ठप रहेगी। इंडियन टेलीग्राफ एक्ट के तहत सर्विस प्रोवाइडर्स को इस आदेश का कड़ाई पूर्वक पालन करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, गूगल प्लस, स्काइप एवं स्नैपचैट सहित 14 प्रकार की सेवाएं ठप रहेगी। उधर, 18 जून को विभिन्न दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। इसके बाद अफवाहों पर रोक लगाने के लिए गृह विभाग को इंटरनेट सेवा ठप करने का सहारा लेना पड़ा है। इधर, बेतिया में प्रदर्शन के बदलते उग्र स्वरूप को लेकर धारा-144 लगा दी गई है। 17 से 20 जून तक धारा-144 लागू रहेगी। इस दौरान एक जगह पांच व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि विधि व्यवस्था के मद्देनजर लगाई गई धारा-144 का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। सभी तरह के राजनीतिक आयोजन पर रोक लगा दी गई है। उल्लेखनीय है कि सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती का निर्णय लेने के बाद इसका जबरदस्त विरोध हो रहा है। बिहार में आंदोलन के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने जमकर तांडव मचाया। ट्रेन में जलकर जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं एक दर्जन से अधिक ट्रेनें जला दी गईं। साथ ही 124 ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा है।

## NEWS IN BRIEF

### बिहार में अग्निपथ : रेलवे ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

पटना। अग्निपथ योजना को लेकर बिहार के अलग-अलग जिलों में छात्रों का विरोध जारी है। इसको लेकर कई ट्रेनें प्रभावित हुई है। पूर्व मध्य रेलवे ने प्रभावित ट्रेनों की सूची जारी की है। पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में 17 प्रभावित ट्रेनों की सूची दी गयी है। इसके अलावा अन्य तीन ट्रेनें भी प्रभावित हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, जिससे संपर्क कर सहायता लिया जा सकता है। खगड़िया में हेल्पलाइन नंबर 8252912031, हाजीपुर में हेल्पलाइन नंबर 8252912078 और बरौनी में हेल्पलाइन नंबर 8252912043 पर कॉल कर यात्री सहायता ले सकेंगे। इसके साथ रेलवे ने दानापुर रेल मंडल के व्यवसायिक कंट्रोल का नम्बर भी शेयर किया है जो 9341505327 और 9341505326 है।

### अग्निपथ: बेतिया में उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर पर हमला

पटना। अग्निपथ योजना के विरोध में उग्र प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने शुक्रवार को बेतिया में उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर को निशाना बनाया। प्रदर्शनकारियों ने उनके घर पर हमला किया। इसके अलावा पश्चिम चंपारण जिले में एक और भाजपा नेता पर के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला। तीन दिन से चल रहे इस आंदोलन में लगातार भाजपा के नेताओं पर हमला किया जा रहा है। गुरुवार को नवादा में भाजपा विधायक पर हमला किया गया था। नवादा में भाजपा कार्यालय को फूंक दिया गया था। इस योजना के विरोध में शुक्रवार सुबह से बिहार के लगभग सभी जिलों में छात्र उग्र आंदोलन कर रहे हैं।

## बिजली करंट लगने से शिक्षा सेवक की मौत

बीएनएम@गया

गया। जिले के टनकुप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत उतलीबारा पंचायत के बारा गांव निवासी पिंटू रजक की मौत शुक्रवार की सुबह हो गई। अपने घर स्थित मीटर में गड़बड़ी ठीक करने के क्रम में युवक बिजली की चपेट में आ गया। जख्मी हालत में परिजनों ने इलाज को लेकर मेडिकल कांलेज गया ले गए। जहां डाक्टरों ने युवक को चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। टनकुप्पा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया। मृतक युवक अपने गांव स्थित मिडिल स्कूल में शिक्षा सेवक के पद पर कार्यरत था। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि युवक अपने घर में बिजली मीटर में आयी खराबी आदि को दूर करने का प्रयास स्वयं कर रहा था। इस बीच बिजली से संपर्क हो गया। जिससे मृतक पिंटू रजक 29 बर्षीय युवक जख्मी हो गया।

## महात्मा फूले समता परिषद का प्रस्तावित आभार यात्रा 25 जून को

बीएनएम@सहरसा

सहरसा। महात्मा फुले समता परिषद बिहार मे जातीय जनगणना कराने के लिए सफल भागीरथ प्रयास करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुमार को धन्यवाद करने को लेकर आगामी 25 जून को आभार यात्रा का आयोजन किया जाएगा।शुक्रवार को स्थानीय कोशी निवास होटल के सभागार में प्रदेश महासचिव डॉक्टर संतोष कुशवाहा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में जाति जनगणना होने से इसका लाभ आंशिक होगा। अगर सर्वांगीण असर और लाभ चाहते हैं तो जाति जनगणना पूरे देश में होना आवश्यक है। समेकित विकास के लिए परिषद समझती है भारत सरकार इस पर सहमत होगी। इसीलिए परिषद भारत सरकार से मांग करती है देशभर में जाति जनगणना कराई जाए। जब तक देश में जनगणना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना के सवाल को लेकर महात्मा फुले समता परिषद पंचायत स्तर तक जन जागरुकता अभियान चलाने का लगातार काम करेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन बागची ने बताया कि पहले यह आभार यात्रा 18 जून को प्रस्तावित किया गया था लेकिन सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती को लेकर प्रस्तावित बदलाव अग्निपथ एवं अग्निवीर योजना पर राजभर में उग्र प्रदर्शन को देखते हुए महात्मा फुले समता परिषद द्वारा 18 जून को प्रस्तावित आभार यात्रा अब 25 जून को पहले की तरह आयोजित होगा।

## राजद ने फूंका पीएम और रक्षा मंत्री का पुतला

बीएनएम@अररिया

अररिया। अररिया चांदनी चौक पर राजद कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की ओर से लायी गयी अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पुतला दहन किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल की ओर से केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पुतला फूंका गया। युवा राजद के जिलाध्यक्ष गौरव बिट्टू की अध्यक्षता और राजद जिलाध्यक्ष सुरेश पासवान एवं राजद नेता मनीष यादव की अगुवाई में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान एवं युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष सह नवनिर्वाचित विधान पार्षद कारी शोएब के निर्देश पर जिला युवा राजद इकाई की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पुतला दहन किया गया। युवा राजद के जिलाध्यक्ष गौरव बिट्टू , प्रधान महासचिव मोहतशीम अख्तर के नेतृत्व में एवं राजद जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।



## बिहार: राजधानी पहुंची 'अग्निपथ' की आग



बीएनएम@पटना

**-अशोक राजपथ और पटना के दीदारगंज स्थित टोल प्लाजा में आगजनी**

**-राजगीर फतुहा पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेन को फूंका**

पटना। अग्निपथ की आग अब बिहार की राजधानी पटना भी पहुंच गयी है। पटना में शुक्रवार को अग्निपथ के विरोध में आक्रोशित छात्रों ने फतुहा स्टेशन पर राजगीर फतुहा पैसेंजर ट्रेन को आग के हवाले कर दिया। केन्द्र सरकार के सेना भर्ती अग्निपथ योजना के विरोध में आंदोलनकारी छात्र शुक्रवार सुबह से ही पटना के फतुहा में उग्र थे। आंदोलनकारी छात्रों ने फतुहा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या छह पर राजगीर फतुहा पैसेंजर ट्रेन को आग के हवाले कर दिया। इससे ट्रेन धू-धू कर जलने लगी। मौके पर रेलवे पुलिस मौजूद है और छात्रों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है लेकिन छात्र इतने गुस्से में हैं कि वे वहां से हटने को तैयार नहीं हैं।

**दानापुर में बवाल करते हुए दानापुर स्टेशन पर खड़ी एक एक्सप्रेस ट्रेन को फूंकने के बाद भीड़ ने पार्सल कार्यालय सहित स्टेशन परिसर में जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच छात्रों को शांत कराने मौके पर पहुंचे पटना के जिलाधिकारी और एसपी भी छात्रों के गुस्से का शिकार हो गये। उन पर भीड़ ने पथराव किया। आक्रोशित भीड़ ने स्टेशन की दुकानों, आरामगृह, विश्रामगृह सहित पूरे दानापुर स्टेशन को गुस्साई भीड़ ने आग के हवाले कर दिया।**

इसके अलावा उग्र छात्रों ने आज सुबह अशोक राजपथ और पटना के दीदारगंज स्थित टोल प्लाजा पर भी जमकर बवाल काटा। अशोक राजपथ में छात्रों ने पटना कॉलेज के सामने सड़क पर जाम लगा दिया है और आगजनी करके प्रदर्शन करने लगे। पटना में भी छात्र सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि अग्निपथ स्कीम को वापस लिया जाए और सेना में पुरानी बहाली प्रक्रिया जारी रखी जाए। पटना के दीदारगंज स्थित टोल प्लाजा पर प्रदर्शनकारियों ने जमकर तोड़फोड़ की। बड़ी संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने टोल प्लाजा को आग के हवाले कर दिया है।

# भू-संसाधन विभाग के अपर सचिव ने की समीक्षा बैठक



बीएनएम@अररिया

अररिया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भू-संसाधन विभाग के अपर सचिव हुकुम सिंह मीणा ने जिले के अधिकारियों के साथ आज नीति आयोग से संबंधित कार्यों की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा की। समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला स्तरीय एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य,शिक्षा, समेकित मत्स्य पालन, जल जीवन हरियाली एवं मनरेगा योजना के तहत किए गए कार्यों,मछली हॉट,कृषि, वित्तीय समावेशन, स्किल डेवलपमेंट,बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा हुई। अपर सचिव हुकुम सिंह मीणा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक पदाधिकारियों को महिलाओं एवं नवजात शिशु तथा नए माताओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर सुलभ कराने तथा सरकारी संस्थानों में डिलीवरी को बढ़ावा देने का निर्देश दिए। इसके लिए एएनएम,आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को जागरूक तथा प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं तथा नवजात बच्चों के पालन पोषण और पौष्टिक खान-पान के प्रति जागरूक करें। सभी सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध रखें। ताकि गर्भवती माताओं एवं आम लोगों को इसका लाभ समय पर मिल सके। आशा कार्यकर्ता के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी के लिए प्रेरित करें। गर्भवती महिलाओं के प्रेगनेंसी जांच पर बल देने का निर्देश दिये गये। शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पठन-पाठन गुणवत्ता पूर्ण एवं विद्यालय में सभी आवश्यक संसाधन के साथ विद्यालय का संचालन हो इसे सुनिश्चित करें। किसी भी बच्चें के आगे की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित के साथ बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेने का निर्देश दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तथा आवश्यक संसाधन सुलभ करने का निर्देश दिया गया। अपर सचिव श्री मीणा ने संबंधित पदाधिकारियों को अपने कार्य करने की सोच में बदलाव के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु कार्य योजना शीघ्र तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सरकारी अस्पताल एवं संस्थानों में डिलीवरी को बढ़ावा देने के लिए आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम तथा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका तथा शिक्षकों एवं कर्मियों द्वारा बेहतर कार्य करने पर सम्मानित भी करने का निर्देश दिया गया। संबंधित विभागीय पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के लिए रणनीति के तहत कार्य योजना तैयार कर कार्य करने का निर्देश दिया गया ।

## NEWS IN BRIEF

### कांग्रेसियों ने फूंका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला

अररिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा सोनिया गांधीजी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधीजी को केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी केस में फंसाये जाने एवं कांग्रेस मुख्यालय 24,अकबर रोड में दिल्ली पुलिस की बर्बर कार्रवाई के खिलाफ फारबिसगंज में कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया।फारबिसगंज प्रखंड एवं नगर कांग्रेस कमिटी की ओर से आयोजित पुतला दहन का कार्यक्रम स्टेशन चौक पर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू ने किया। इस मौके पर मौजूद कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर चरवाहा की मौत

भागलपुर। जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के खुटाहा गांव में शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक चरवाहा की मौत हो गई। मृतक खुटाहा गांव निवासी स्वर्गीय लुच्चो मंडल के 46 वर्षीय पुत्र लोलिस मंडल है। परिजन ने बताया कि मृतक भैंस चराने बैहियार गया था। इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया देवेंद्र यादव ने मृतक के परिजन से मिलकर ढाढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मामले में बाईपास थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि वज्रपात से मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन को सौंप दिया जाएगा।

# गैंगरेप के बाद 17 साल की नाबालिग युवती की बेरहमी से हत्या

बीएनएम@गया

गया। जिला के इमामगंज थाना क्षेत्र से एक दिल को दहला देने वाली बड़ी वारदात सामने आई है। जहां 17 वर्षीय एक नाबालिग युवती के साथ गैंगरेप करके उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। गैंगरेप के बाद युवती की हत्या की सूचना से हड़कंप मच गया है। इस मामले को लेकर मृतका के पिता ने बताया हम लोग मजदूर किसान हैं। खेती बारी करने के लिए खेत से शाम करीब पांच बजे अपने घर वापस लौट रहे थे। जब शाम को वापस लौटे तो एक सुनसान घर से चिखने और चिल्लाने की आवाज आ रही थी। इसी आवाज के बाद जब हम उस घर में झांक कर देखा तोउसके गले में उसके दुपट्टे से गर्दन में फंदा लगाकर खींच रहे थे। बच्ची बेसुद्ध पड़ी हुई थी। उन्होंने कहा कि बेटी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी।इसके बाद वें इसकी सूचना इमामगंज थाना में पुलिस को दिया।

# राजद को देना होगा प्रदर्शन के दौरान बिहारियों की मौत का जवाब : गिरिराज

बीएनएम@बेगूसराय

बेगूसराय। "अग्निपथ" के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को विक्रमशिला एक्सप्रेस में जलकर एक व्यक्ति की मौत के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को जिम्मेदार बताया है। अग्निपथ के नाम पर हो रहे प्रदर्शन हो राजद प्रायोजित हिंसा करार देते हुए गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उग्र प्रदर्शन में सरकारी संपत्तियों को जलाने के साथ ही बिहारियों की मौत हो रही है, राजद को इसका जवाब बिहार को देना होगा। सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से अपील करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि किसी भी असंतोष या भ्रम में नहीं पड़ें, एक उज्ज्वल भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। सरकार की मंशा बिल्कुल साफ है, सरकार संवेदनशील है, कुछ दिनों में नियुक्ति प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। अग्निपथ में युवाओं को बेहतर रोजगार देने की व्यवस्था की गई है। सेना में चार में से एक को लिया जाएगा तो अन्य तीन लोग अगले चार साल में नौकरी के लिए पूरी तरह से तैयार होंगे। इसलिए अग्निपथ योजना पर फैलाए जा रहे झूठ से सावधान रहें। यह योजना देश सेवा के मद्देनजर युवाओं के लिए एक अभूतपूर्व कदम है। अग्निवीर अपने युवावस्था में चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर पेशेवर और व्यक्तिगत रुप से भी खुद को बेहतर बनाने के अहसास के साथ परिपक्व एवं आत्म अनुशासित होंगे।

# अग्निपथ के विरोध में चिराग पासवान आज करेंगे पैदल मार्च

बीएनएम@पटना

पटना। सेना में बहाली की नई प्रक्रिया अग्निपथ के विरोध में लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शनिवार को पैदल मार्च करने और बिहार के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने की बात कही है। पटना में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में चिराग पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना युवाओं के हित में नहीं है। इससे बेरोजगारी और ज्यादा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस योजना को तुरंत इस पर एक बड़ा एक्शन लेना चाहिए। हम इसके विरोध में कल पैदल मार्च करेंगे और राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत करायेंगे। चिराग ने कहा कि सरकार को इस तरह की योजना लाने से पहले संसद में या फिर सर्वदलीय मीटिंग करानी चाहिए थी। इस पर निर्णय लेने से पूर्व युवाओं की राय जरूरी लेनी चाहिए थी। केन्द्र सरकार के इस जल्दबाजी में निर्णय लेने से आज देश सहित बिहार को इतना नुकसान झेलना पड़ रहा है। चिराग ने छात्रों के उपद्रव सरकार की इस नीति दोनों को गलत करार दिया है।




# सीओ के वाहन में किया तोड़फोड, 40 गिरफ्तार



बीएनएम@नवादा

नवादा। सेना में भर्ती के लिए बनाई गई नई नियामावली अग्निवीर योजना के खिलाफ नवादा में दूसरे दिन भी बवाल हुआ। शुक्रवार को राजगीर-बोधगया राजमार्ग 82 पर नारदीगंज में उग्र छात्रों ने थाना का जीप जला दिया। सीओ के वाहन को पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं रजौली थाना को उड़ाने का प्रयास किया गया ।जिसमें 25 लोग को गिरफ्तार किया गया है। नारदीगंज में बलवा के आरोप में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुल मिलाकर 40 लोगों की गिरफ्तारी की गई ।नारदीगंज बाजार में एनएच 82 को टायर जलाकर सड़क जाम किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की। प्रदर्शन की जानकारी के बाद थानाध्यक्ष मुकेश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और समझाना-बुझाना शुरु किया लेकिन असामाजिक तत्वों ने आग में घी डालने का काम किया। बहुत से लोग लाठी डंडे से लैस होकर जबरन बाजार को बंद कराने लगे। दुकानदारों के बैनर पोस्टर फाड़ना शुरु कर दिया। बाजार बंद कराते हुए प्रदर्शनकारी शादीपुर मोड़ के पास पहुंच गए और फोरलेन सड़क को जाम कर टायर में आग लगाकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान कई बस और ट्रक सहित अन्य वाहनों का शीशा तोड़ दिया। वहां पहुंची अंचलाधिकारी नारदीगंज अमिता सिन्हा की गाड़ी पर पथराव शुरु कर दिया। गाड़ी का चालक जान जोखिम में डालकर किसी प्रकार वहां से निकल पाया। हालांकि पथराव में गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष मुकेश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उपद्रवियों ने पुलिस पर भी पथराव शुरु कर दिया। जिसके बाद सभी पुलिसकर्मी जान बचाकर इधर उधर भागने लगे। पुलसकर्मियों के भागने के बाद उपद्रवियों ने उनकी बलोरो वाहन को पलट दिया और आग लगा दिया। किसी प्रकार आग पर काबू पाया और गाड़ी को जलने से बचाया। इसके बाद एसडीओ उमेश कुमार भारती, एसडीपीओ उपेंद्र प्रसाद अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पहुंचे और उपद्रव कर रहे लोगों को घटनास्थल से खदेड़ना शुरु किया। तब जाकर बाजार में शांति कायम हुआ।

# बिहार में अग्निपथ : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का घर फूंकने की कोशिश




बीएनएम@बेतिया

**लौरिया से भाजपा विधायक विनय बिहारी की गाड़ी पर पथराव**

बेतिया। सेना भर्ती में अग्निपथ योजना को लेकर बिहार के छात्रों का आक्रोश चरम पर है। अग्निपथ योजना के खिलाफ आक्रोशित युवाओं की भीड़ लगातार भाजपा नेताओं और विधायकों पर गुस्सा निकाल रही है। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर पर हमले के बाद आक्रोशित छात्रों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और भाजपा विधायक विनय बिहारी को निशाना बनाया है। आक्रोशित छात्रों ने आज प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के घर पर हमला करने की कोशिश की। बेतिया स्थित संजय जायसवाल के घर पर प्रदर्शनकारियों ने जमकर पथराव किया। भीड़ ने जायसवाल के खिलाफ नारेबाजी की और उनके घर को जलाने की कोशिश की। इसे देखते हुए वहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। लौरिया से भाजपा विधायक विनय बिहारी पर अग्निवीर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने हमला किया। बेतिया में प्रदर्शन कर रही भीड़ ने विनय बिहारी की गाड़ी पर हमला कर दिया। उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ डाला और गाड़ी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। विनय बिहारी ने कहा कि वे जब बेतिया से गुजर रहे थे तभी भीड़ ने गाड़ियों पर हमला बोल दिया।इसमें वे भी फंस गए। उनकी गाड़ी को भीड़ ने निशाना बनाया। विधायक विनय बिहारी का कहना है कि भीड़ में छात्रों के साथ कुछ राजनीतिक दल के लोग भी घुस गए हैं। वे छात्रों के नाम पर आंदोलनकारियों के बीच हैं और आम लोगों से हिंसा-आगजनी करा रहे हैं। उन पर जिन लोगों ने हमला किया उसमें कई ऐसे लोग थे जिनकी आयु 40 साल से ज्यादा थी। इससे स्पष्ट होता है कि ये लोग छात्र नहीं हैं। इससे पूर्व आक्रोशित छात्रों ने आज सुबह बिहार के उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर पर हमला किया। उनके घर पर जमकर पथराव हुआ, जिससे खिड़कियों के शीशे टूट गए। रेणु देवी ने हमले के बाद शुक्रवार को बेतिया जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया। लखीसराय में भी भाजपा कार्यालय पर हमला किया गया है।

## NEWS IN BRIEF

### मुज़फ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर चार ट्रेनें रहीं रद्द

मोतिहारी। देश में अग्निपथ योजना को लेकर बवाल जारी है। जगह-जगह ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया गया। इसका असर ट्रेनों के परिचालन पर भी पड़ा। रेलवे ने मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर चलने वाली चार ट्रेनें रद्द कर दी। इनमें नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर (5216) एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर- रक्सौल (05261) सवारी गाड़ी, नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर (05258) सवारी गाड़ी एवं मिथिला एक्सप्रेस शामिल थे। वहीं बांद्रा एवं सप्तक्रांति सुपर फास्ट एक्सप्रेस विलंब से बापूधाम स्टेशन पहुंची। गाड़ी संख्या 5215 पीपरा से पुनः मुजफ्फरपुर लौट गई। रेल प्रशासन ने विरोध की आशंका पर यह कदम उठाया। सूत्रों के मुताबिक यह जानकारी मिली। इधर, ट्रेनों के रद्द व विलंब से पहुंचने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। काउंटर पर पहुंचकर यात्री ट्रेनों के आने की जानकारी लेते रहें।

### अग्निपथः बेतिया में उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर पर हमला

बेतिया। अग्निपथ योजना के विरोध में उग्र प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने शुक्रवार को बेतिया में उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर को निशाना बनाया। प्रदर्शनकारियों ने उनके घर पर हमला किया। इसके अलावा पश्चिम चंपारण जिले में एक और भाजपा नेता पर के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला। तीन दिन से चल रहे इस आंदोलन में लगातार भाजपा के नेताओं पर हमला किया जा रहा है। गुरुवार को नवादा में भाजपा विधायक पर हमला किया गया था। नवादा में भाजपा कार्यालय को फूंक दिया गया था।

## युवा शक्ति को सशक्त बनाना सरकार की है सर्वोच्च प्राथमिकता: रजनीश

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सह रेलवे सलाहकार समिति सदस्य रजनीश सिंह ने अग्निपथ योजना के विरोध में हो रहे प्रदर्शन को विपक्ष की साजिश बताया। कहा कि विपक्ष के पास कुछ नहीं बचा है, इसलिए इस योजना को लागू होने से पहले विवाद पैदा किया जा रहा। उन्होंने युवा व छात्रों से सरकारी संपति को नुकसान नहीं पहुंचाने की अपील की है। कहा कि जगह-जगह रेल सहित सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाया जा रहा। पुलिस कर्मियों पर हमले हो रहें। लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा। यह कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद युवा शक्ति को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में सरकार द्वारा यह कानून लाया गया है।

## तुरकौलिया पुलिस ने लोडेड देशी कट्टा के साथ 2 अपराधियों को पकड़ा

बीएनएम@तुरकौलिया

तुरकौलिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा के वृतिया लोकनाथपुर चौक से तुरकौलिया पुलिस ने लोडेड देशी कट्टा के साथ 2 अपराधियों को पकड़ा है। अपराधियों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुई है। वही दो अपराधी पुलिस वाहन को देखते ही भागने में सफल रहे। सभी अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे। जहां सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर हथियार के साथ पकड़ा है। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि सूचना मिला था कि लोकनाथपुर चौक पर 4 युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं। जो किसी घटना का अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना पर छापेमारी की गई। जहां पुलिस वाहन को देख 2 युवक बाइक से भाग निकले। वही पैदल भाग रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान सुगौली थाना के चिकनौटा गांव के राहुल कुमार व तुरकौलिया थाना क्षेत्र के सेमरा स्टेशन चौक के विष्णु कुमार के रुप में हुई है। तलाशी के दौरान राहुल के कमर से एक लोडेड देशी कट्टा और विष्णु के पाकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुछताछ के दौरान दोनों अपराधियों ने बताया कि नेपाल से हथियार लाकर यहां लूटपाट करते हैं। एक सप्ताह पहले भी एक बाइक लूट कर बेचा था। फिलहाल भागे अपराधियों के बारे में पुलिस पुछताछ करने में जुटी है।

## अधिकारियों ने संवाद व शांति से अपनी बातों को रखने की अपील की

बीएनएम@सिकरहना

सिकरहना। भारतीय सेना में भर्ती के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लाई गई अग्निपथ स्कीम के विरोध में घोड़ासहन रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को प्रदर्शनकारी छात्रों ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने 05525 दरभंगा-रक्सौल ट्रेन को चार घंटे तक रोक रखा तथा गुमटी नं-12 पर पहुँचकर आगजनी किया जिसको लेकर कई घंटो तक अफरातफरी का माहौल रहा। वही अटल सभागार सह भाजपा कार्यालय में भी प्रदर्शनकारियों ने घुसकर उत्पात मचाते हुए कार्यालय के शीशे व कुर्सी को तोड़फोड़ किया। इसके साथ हीं पोस्ट -ऑफिस में पहुँचकर लेटरबॉक्स को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी क्रम में सिकरहना एसडीओ इफ्तेखार अहमद , डीएसपी राजेश कुमार ने तत्क्षण पहुँचकर प्रदर्शनकारियों को समझाबुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। वही अंचलाधिकारी, घोड़ासहन शिवशंकर गुप्ता व प्रभारी थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने भी आनन-फानन में पहुँचकर प्रदर्शनकारी छात्रों से हिंसा,आगजनी नही संवाद व शांति से अपनी बातों को रखने की अपील की।




## अग्निपथ योजना की छात्रों ने किया भारी विरोध



बीएनएम@रामगढ़वा

रामगढ़वा। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का रामगढ़वा में भी शुक्रवार को छात्रों ने भारी विरोध किया। रामगढ़वा रेलवे स्टेशन के उत्तरी फाटक पर शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में छात्र एकत्र होकर रेल लाइन पर टायर जलाकर उग्र प्रदर्शन किया। इस घटना के कारण उच्च पथ पर आवागमन लगभग दो घंटे तक बाधित रहा। रेल परिचालन भी ठप्प कर दिया गया था। इस घटना की सूचना पर रक्सौल आरपीएफ की टीम पहुंची व छात्रों को हटाने का प्रयास किया। लेकिन छात्र मानने को तैयार नही हुए और सरकार विरोधी नारे लगाते रहे। इस बीच पथराव होने की भी बात बताई जा रही है। रक्सौल आरपीएफ के द्वारा मामला के शांत नहीं होने की स्थिति मे रामगढ़वा थाना पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष नारायण मंडल के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंचकर छात्रों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का प्रयास किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष नारायण मंडल ने बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन स्थल पर जाकर प्रदर्शन को शांत कराया। हालाकि इस प्रदर्शन में रेलवे को कोई विशेष नुकसान होने की इन्होंने बात नहीं बताई है। लेकिन प्रदर्शन और पत्थरबाजी के दौरान आरपीएफ की टीम ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर रक्सौल ले गई है। इधर छात्रों के द्वारा हो रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन एलर्ट हो गया है। एएसपी चंद्रप्रकाश व एसडीएम आरती ने रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय आकर बीडीओ मो सज्जाद के साथ बैठक कर रामगढ़वा में सम्भावित परिस्थितियों पर रणनीति बनाई गई। इसके बाद अधिकारियों का दल स्टेशन पर गया। वहां स्टेशन अधीक्षक राजेश कुमार दास से हालात की जानकारी ली। साथ ही इनको किसी भी संदेहात्मक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। सूचना का आदान प्रदान रामगढ़वा पुलिस के साथ करते रहने का भी निर्देश दिया।

Saturday 18 June 2022

# Editorial

## 'जी, हुजूर!' सरकार की मुसीबत

मोदी सरकार ने जो नई अग्निपथ योजना घोषित की है, उसके खिलाफ सारे देश में जन-आंदोलन शुरु हो गया है। यह आंदोलन रोजगार के अभिलाषी नौजवानों का है। यह किसानों और मुसलमानों के आंदोलन से अलग है। वे आंदोलन देश की जनता के कुछ वर्गों तक ही सीमित थे। यह जाति, धर्म, भाषा और व्यवसाय से ऊपर उठकर है। इसमें सभी जातियों, धर्मो, भाषाओं, क्षेत्रों और व्यवसायों के नौजवान सम्मिलित हैं। इसके कोई सुनिश्चित नेता भी नहीं हैं, जिन्हें समझा-बुझाकर चुप करवाया जा सके। यह आंदोलन स्वतः स्फूर्त है। जाहिर है कि इस स्वतः स्फूर्त आंदोलन के भड़कने का मूल कारण यह है कि नौजवानों को इसके बारे में गलतफहमी हो गई है। वे समझ रहे हैं कि 75 प्रतिशत भर्तीशुदा जवानों को यदि चार साल बाद हटा दिया गया तो कहीं के नहीं रहेंगे। न तो नई नौकरी उन्हें आसानी से मिलेगी और न ही उन्हें पेंशन आदि मिलने वाली है। इस आशंका का जिक्र मैंने परसों अपने लेख में किया था। इसे लेकर ही सारे देश में आंदोलन भड़क उठा है। रेलें रुक गई हैं। सड़के बंद हो गई हैं और आगजनी भी हो रही है। बहुत से नौजवान घायल और गिरफ्तार भी हो गए हैं। एक जवान ने आत्महत्या भी कर ली है। यह आंदोलन पिछले सभी आंदोलनों से ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो सकता है, क्योंकि ज्यादातर आंदोलनकारी वे ही नौजवान हैं, जिनके रिश्तेदार, मित्र या पड़ोसी पहले से भारतीय फौज में है। इस आंदोलन से वे फौजी भी अछूते नहीं रह सकते। सरकार ने इस अग्निपथ योजना को थोड़ा ठंडा करने के लिए भर्ती की उम्र को साढ़े 17 साल से 21 साल तक जो रखी थी, उसे अब 23 तक बढ़ा दिया है। यह राहत जरुर है लेकिन इसका एक दुष्परिणाम यह भी है कि चार साल बाद यानी 27 साल की उम्र में बेरोजगार होना पहले से भी ज्यादा हानिकर सिद्ध हो सकता है। यह ठीक है कि सेना से चार साल बाद हटने वाले 75 प्रतिशत नौजवानों को सरकार लगभग 12-12 लाख रुपये देगी तथा सरकारी नौकरियों में उन्हें प्राथमिकता भी मिलेगी लेकिन असली सवाल यह है कि मोदी सरकार ने इस मामले में भी क्या वही गलती नहीं कर दी, जो वह पिछले आठ साल में एक के बाद एक करती जा रही है?

## अग्निपथ योजना अग्निपरीक्षा में सफल

**सुजान आर. चिनॉय**



हाल के वर्षों में मोदी सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों के साथ एक आधुनिक युद्धक बल के रूप में तेजी से विकसित करने की दिशा में कई सार्थक कदम उठाकर रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। सैनिकों की भर्ती के लिए भारत सरकार की अग्निपथ योजना की घोषणा करना सही दिशा में एक और सकारात्मक कदम है। इनमें से अधिकांश सैनिक चार साल तक अपनी सेवा देंगे। प्रस्ताव के अनुसार विशेष रैलियों और परिसर में आयोजित साक्षात्कार के माध्यम से तीनों सेनाओं के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रणाली द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों जैसे मान्यताप्राप्त तकनीकी संस्थानों से "अखिल भारतीय ऑल क्लास" (एआईएसी) पर आधारित 17.5 से 21 वर्ष की आयु के बीच अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। चिकित्सा योग्यता और कठोर प्रशिक्षण मानकों को बनाए रखा जाएगा और उनका चयन सशस्त्र बलों का एक विशेष डोमेन होगा। अग्निवीरों की एक अलग रैंक होगी। प्रत्येक विशिष्ट बैच में 25 प्रतिशत तक सर्वश्रेष्ठ अग्निवीरों को एक वस्तुनिष्ठ, पारदर्शी और योग्यता-आधारित मूल्यांकन के आधार पर, नियमित संवर्ग के लिए न्यूनतम 15 वर्षों के लिए चुना जाएगा। यह योजना परिलब्धियों और भुगतान के मामले में उदार और आकर्षक दोनों है। सेवा से मुक्त होने पर, अग्निवीर एक विशेष योग्यता प्रमाणपत्र के धारक के रूप में नागरिक समाज में वापस आ जाएंगे और देश भर में उपलब्ध आत्मविश्वास से परिपूर्ण और अनुशासित मानव संसाधनों की रीढ़ बन जाएंगे। वैकल्पिक नौकरियों में प्लेसमेंट सहित समाज और आजीविका में उनका एकीकरण सक्रिय रुप से सुगम होगा, जिसमें उच्च शिक्षा के लिए क्रेडिट भी शामिल है। चौथे वर्ष में प्रति माह 40,000 रुपये का एक समग्र पैकेज पाने के अलावा, उनमें से प्रत्येक को 11.71 लाख रुपये सेवा निधि पैकेज के माध्यम से, जिसमें उनके मासिक वेतन के 30 प्रतिशत के योगदान का मिलान सरकार द्वारा समान राशि से किया जाएगा। वास्तव में, उनके पास व्यक्तिगत बचत के अलावा, सेवा के बाद अपने सपनों को पूरा करने के लिए, आयकर से मुक्त एक बड़ी एकमुश्त राशि होगी।उन्हें 48 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर, मृत्यु के मामले में 44 लाख रुपये का अनुग्रह भुगतान और मृत्यु के मामले में शेष 4 साल की सेवा के लिए भुगतान मिलेंगे, जो बड़े प्लस पॉइंट हैं। 100/75/50 प्रतिशत विकलांगता के लिए क्रमशः 44/25/15 लाख रुपये का विकलांगता मुआवजा सबसे अधिक आश्वस्त करने वाला है। भारत सरकार की यह पथ प्रदर्शक पहल युवा, देशभक्त, शारीरिक रुप से फिट और अत्यधिक प्रेरित युवाओं की नियमित भर्ती और रोजगार का अवसर को खोल देगी, जो गर्व के साथ वर्दी पहनना चाहते हैं और कम समय के लिए राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं। इस साल कुल मिलाकर 46,000 अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी।सैनिकों के लिए 17 साल की "कलर सर्विस" के परिणामस्वरुप एक अनुभवी और कठोर युद्ध क्षमता वाली सेना हो सकती है, लेकिन इसने एक उम्रदराज सेना भी बनाई जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक पुरुष 30 वर्ष से अधिक आयु के हैं। उदाहरण के तौर पर यह ध्यान देने योग्य है कि 1978 में भारतीय सेना अन्य रैंकों (ओआर) के स्तर पर वर्तमान की तुलना में अधिक युवा थी।

**(लेखक, मनोहर परिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज ऐंड एनालिसिस के महानिदेशक हैं। यह विचार उनके व्यक्तिगत हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## मोदी सरकार का सपना-सशक्त भारत हो अपना



**गिरिराज सिंह**

आज देश आजादी के 75वें वर्ष के रुप में अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के वीर सपूतों के सपने को साकार करने के लिए सरदार पटेल ने जो मजबूत नींव रखी थी उस पर पिछले आठ साल में मोदी सरकार ने बुलंद इमारत बनाई है। केंद्र सरकार ने 2047 में भारत के भव्य स्वरुप की रुपरेखा तैयार ही नहीं की है बल्कि उस पर तेजी से अमल शुरु कर दिया है। आप देखें कि किसी भी देश, किसी भी राज्य, किसी भी घर को अगर आंका जाए तो आर्थिक स्वतंत्रता और इंफ्रॉस्ट्रक्चर आधार होता है। देश में जब मोदी जी ने कार्यभार संभाला तो देश का बजट केवल 16.5 लाख करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर वो 37.5 लाख करोड़ रुपये तक ले गए। केवल बजट का वॉल्यूम ही नहीं बढ़ाया। आंतरिक संसाधन एवं राजस्व को भी बढ़ाया है। 2014 में जो राजस्व 11 लाख करोड़ रुपये था, आज 32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यानी लगभग तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। मगर देश में कुछ लोगों ने कसम खा ली है कि मोदी को गाली देनी है और वह विदेशों में जाकर देश को ही गाली देने लगते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आज पूरी दुनिया में मोदी ने भारत की साख बढ़ाई है। इसके कारण एफडीआई 36 बिलियन डॉलर से बढ़कर 85 बिलियन डॉलर हो गई है। विदेशी मुद्रा भंडार 300 बिलियन डॉलर से बढ़कर 607 बिलियन डॉलर हो गया है। पूरी दुनिया में मोदी जी ने भारत की विश्वसनियता को बढ़ाया है। इसके कारण देश आर्थिक रुप से सुदृढ़ हो गया है। यही नहीं 2014 में जहां निर्यात 19 लाख करोड़ रुपये प्रतिवर्ष था। आज वह बढ़कर 33 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी की स्थिति में भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश की। इसके कारण कोरोनाकाल में कृषि आधारित उत्पादनों के निर्यात में 23 फीसदी वृद्धि हुई है। मैं अगर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सपनों को गांव की ओर ले चलूं तो उन्होंने ग्रामीण इंफ्रॉस्ट्रक्चर से लेकर शहरों के नेशनल हाइवे और सड़कों का भी एक जाल बिछाया है। दुनिया में जिस देश ने तरक्की की है, वह इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करके ही है। पिछले 7 सालों में नेशनल हाइवे का निर्माण 300 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। 2015 में जहां भारत में नेशनल हाइवे 1389 किमी सालाना बनता था, वहीं 2021-22 में हमारी सरकार ने 4,000 किलोमीटर की सड़कें प्रतिवर्ष बनाने का काम किया। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं. क्योंकि ग्रामीण भारत को देश की आर्थिक रीढ़ माना जाता है तो गांव को नेशनल हाइवे से जोड़ना पड़ेगा और जब तक नेशनल हाइवे गांवों तक नहीं बनेगा तब तक गांव की सड़क एक सीमित स्थल तक ही रुक जाएगी और गांव की चीजों को देश के एक छोर से दूसरी छोर ले जाने में आज जो सुविधा मिल रही है वह नहीं मिल पाती। इसलिए 2025 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि 2 लाख किलोमीटर नेशनल हाइवे बनाना है और यह एक सशक्त भारत का सपना है। आजादी के बाद सरकारें तो आती और जाती रहीं, कांग्रेस सरकार 'गरीबी हटाओ' का नारा देती रही परन्तु गरीबों के लिए कुछ नहीं किया । पहली बार मूलभूत सुविधा देने का काम मोदी सरकार ने किया। कांग्रेस ने इंदिरा आवास योजना बनाकर अपने ही नेताओं का महिमामंडन किया। परंतु गरीबों के बारे में वास्तव में नरेन्द्र मोदी जी ने सोचा और गरीबों को छत दी और वह भी पूरे सम्मान के साथ। गरीबों का सपना, जो रोटी, कपड़ा और मकान के लिए मजबूर थे, उन्हें मोदी सरकार ने पूरा किया। 2014 तक केवल 3.25 लाख करोड़ मकान ही बन पाए थे, लेकिन मोदी सरकार ने पिछले 8 साल में ढाई करोड़ से ज्यादा मकान बनाने का काम किया और उन्हें न केवल आवास दिया बल्कि उनके लिए शौचालय भी दिया। शहरों में रहने वाले गरीबों के लिए कांग्रेस के पास कोई सोच नहीं थी। कोई योजना नहीं थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने शहरों में रहने वाले गरीबों के लिए शहरी आवास योजना बनाई और अभी कई मकान पाइपलाइन में हैं, जो गरीबों को सुपुर्द किए जाएंगे।

**(लेखक, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# 'अग्निपथ' योजना को लेकर उप्र में दूसरे प्रदर्शकारियों ने जलाई ट्रेन की बोगी, फूंकी बस



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। सेना भर्ती की नई नीति के खिलाफ उत्तर प्रदेश में दूसरे दिन भी जबरदस्त प्रदर्शन हो रहा है। अग्निवीर रेलवे स्टेशन, बसों और वाहनों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। ट्रेन को रोककर उनकी बोगी को आग के हवाले किया जा रहा है। बसों पर पत्थरबाजी की जा रही है। दिल्ली आगरा हाइवे पर जाम लगाकर युवा हंगामा कर रहे हैं। जाम में फंसे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। सरकारी सम्पत्तियों का नुकसान पहुंचाने के साथ सुरक्षाकर्मियों पर पत्थरबाजी कर रहे हैं। पुलिस हंगामा कर रहे युवाओं को शांत कराने का प्रयास कर रही हैं। प्रदेश के हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। मथुरा के हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। अग्निपथ की योजना को लेकर सड़क पर भारी संख्या में उतरे युवाओं ने दिल्ली-आगरा हाइवे को जाम कर हंगामा शुरु कर दिया। बवाल को शांत कराने पहुंचे पुलिस कर्मियों पर पत्थरबाजी शुरु कर दी है। बसों में तोड़-फोड़ कर रहे हैं। हाइवे पर फंसे यात्री दहशत में हैं। इस प्रदर्शन से आम जनता को काफी दिक्कतें हो रही है। डीएम-एसएसपी के साथ सुरक्षा बल बवाल कर रहे युवाओं को शांत कराने का प्रयास कर रहे हैं। थाना हाइवे क्षेत्र में भारी संख्या में युवा मौजूद हैं, जिन्हें जिला प्रशासन शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है। हाइवे जाम कर हंगामा कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ा तो युवा पुलिस पर पत्थर फेंक रहे हैं। वाराणसी में भी बिगड़े हालातों को शांत कराने का प्रयास पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों से समूह में कैंट स्टेशन के बाहर जुटे युवकों ने जमकर हंगामा किया। युवकों ने रोडवेज, चौकाघाट और इंग्लिशिया लाइन में वाहनों पर पथराव किया। कैंट रेलवे स्टेशन में रेल पटरियों में आग लगा दी। मौके पर पहुंचे सुरक्षा बलों ने उन्हें खदेड़ आग को बुझा दिया। कपसेठी, चौबेपुर, सारनाथ सहित कई अन्य इलाकों में युवा सड़क पर उतर आये हैं। चौबेपुर में युवकों ने पैदल मार्च निकाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बवाल की आशंका देख जगह-जगह भारी फोर्स तैनात है। जिले की सीमाओं पर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

## NEWS IN BRIEF

### मथुरा में पत्थरबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने आंसू गैस छोड़े

वाराणसी में भी बिगड़े हालातों को शांत कराने का प्रयास पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों से समूह में कैंट स्टेशन के बाहर जुटे युवकों ने जमकर हंगामा किया। युवकों ने रोडवेज, चौकाघाट और इंग्लिशिया लाइन में वाहनों पर पथराव किया। कैंट रेलवे स्टेशन में रेल पटरियों में आग लगा दी। मौके पर पहुंचे सुरक्षा बलों ने उन्हें खदेड़ आग को बुझा दिया। कपसेठी, चौबेपुर, सारनाथ सहित कई अन्य इलाकों में युवा सड़क पर उतर आये हैं। चौबेपुर में युवकों ने पैदल मार्च निकाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बवाल की आशंका देख जगह-जगह भारी फोर्स तैनात है। जिले की सीमाओं पर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने बताया कि सभी थानेदारों को अलर्ट किया गया है। छावनी स्थित सेना भर्ती कार्यालय पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। सेना के आंतरिक सूचना तंत्र को बाहर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया है। रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए आरपीएफ, जीआरपी को अलर्ट किया गया है।

### प्रशासन प्रदर्शनकारियों को मनाने में जुटा

उत्तर प्रदेश के मथुरा, वाराणसी, बलिया, देवरिया, उन्नाव, आगरा समेत अलग-अलग जिलों में युवा विरोध प्रदर्शन कर रहे है। सड़क जाम कर पत्थरबाजी की जा रही है। ट्रेनों को आग के हवाले किया गया। स्थिति को संभालने के लिए यूपी पुलिस पूरी तरह से जुटी हुई है, लेकिन हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। छात्र पुलिस की बातों को मानने के लिए तैयार नहीं है। वहीं, इस घटना पर गृह विभाग नजर बनाये हुए है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रशिक्षण प्रारम्भ

बीएनएम@प्रयागराज

प्रयागराज। प्रयागराज, इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन (आई.ए.एस.ई.) द्वारा 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षण दिवस की सफलता के लिए पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन संतराम सोनी प्रोफेसर, आई.ए.एस.ई. संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रयागराज ने किया। यह जानकारी डॉ. संतोष खन्ना ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार आज प्रशिक्षण में इलाहाबाद मंडल के 112 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें संस्थान के समस्त शिक्षक प्रशिक्षक सहित सैकड़ों की संख्या में अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक सदानन्द, सन्तोष सिंह ने विविध प्रकार के आसनों के साथ सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाती आदि का प्रशिक्षण दिया।

## युवाओं को भड़काने का काम कर रहे कुछ संगठन: प्रशांत कुमार

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। अग्निपथ योजना को लेकर प्रदेश के 14 से अधिक शहरों में विरोध प्रदर्शन के बीच अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार का बड़ा बयान है। इस विरोध प्रदर्शन की जांच में जुटी सुरक्षा जांच एजेंसियों को इनपुट मिले हैं कि युवाओं को कुछ संगठनों ने मिलकर भड़काया है। छात्रों के बीच कुछ अराजकतत्व भी घुस गए हैं। छात्रों को समझाने की पूरी कोशिश की जा रही है, जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रधानों की भी मदद ली जा रही है। एडीजी ने बताया कि अग्निपथ योजना को लेकर वाराणसी, बलिया, आगरा, उन्नाव, समेत 14 से अधिक जिलों में युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। बलिया में ट्रेन की बोगी और अलीगढ़ में कई सरकारी बसों को आग के हवाले कर दिया। जट्टारी इलाके में हालात बेकाबू हो रहे हैं। उपद्रवियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। इस दौरान उपद्रवियों की ओर से फायरिंग की गई। डीएम और एसएसपी पर भी हमला हुआ है। आठ बसों में आग लगाने के बाद अब जट्टारी चौकी को आग के हवाले कर दिया है। यहां जबरन बाजार बंद करा दीए। इसके साथ ही आगजनी भी की। अलीगढ़ टप्पल इलाके के यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने पीएसी कर्मी को घेरकर पीटा।

## राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना

बीएनएम@फिरोजाबाद

। ईडी द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से की जा रही पूछताछ के विरोध में शुक्रवार को फिरोजाबाद जिला मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने धरना दिया। उन्होंने गांधी परिवार को परेशान करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेसी जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने ईडी द्वारा राहुल गांधी से की जा रही पूछताछ का विरोध किया। जिलाध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर यह धरना दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फर्जी मुकदमे में गांधी परिवार को फंसाकर चार दिन से 12-12 घंटे तक पूछताछ की जा रही है। ईडी द्वारा पूछे जाने वाले सवाल बाहर मीडिया में आ रहे हैं। भाजपा सरकार अपने अधिकारों और सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता जानती है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा कोई अनियमितता नहीं की गई है फिर भी उन्हें परेशान किया जा रहा है। यह सिलसिला नहीं रुका तो कांग्रेसी सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए विवश होंगे।




## अमृत सरोवर आमदनी का जरिया बने :केशव



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों संग बैठक की और कहा कि उत्तर प्रदेश में बनाए जा रहे अमृत सरोवरों के वर्चुअली शिलान्यास कराए जाने की रूपरेखा अविलंब तैयार करें। 15 अगस्त को अमृत सरोवर पर झंडारोहण अनिवार्य रुप से किया जाएगा। अमृत सरोवर आमदनी का जरिया बने, ऐसी कार्ययोजना भी अधिकारी टीम बनाकर बनाए। 90 दिन काम करने वाले श्रमिकों का श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रुप से कराया जाए। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 21 जून को होने वाले योग दिवस पर प्रदेश के सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी योग करें, इसके लिए भी यथोचित दिशा निर्देश जारी किए जाएं।जनसमस्याओं के निराकरण के लिए महीने के तीसरे बुधवार को सभी विकास खंडों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य समय से पूरा किया जाए। अमृत सरोवरों के शिलान्यास के समय संबंधित साइट पर वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करायी जाए। ऐसी रुपरेखा बनाई जाए कि इन अमृत सरोवरों का रखरखाव भी उचित ढंग से हो सके। इसलिए अमृत सरोवरो को इस प्रकार से बनाया जाए कि वह आमदनी का जरिया भी बन सकें। उन्होंने कहा कि इन अमृत सरोवरो का आवंटन सक्रिय स्वयं सहायता समूह को किया जा सकता है लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाए कि तालाबों मे मछली पालन ,सिंघाड़ा आदि पैदा करने के लिए आवंटन हेतु पूर्व में निर्धारित नियमों का पालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और उसके बाद अन्य सक्रिय समूह को आवंटित किया जा सकता है। अमृत सरोवरों के लिए एक टीम लगाई जाए, जो इसका आंकलन कर इसकी विस्तृत रुपरेखा बनाए ताकि वह आमदनी का साधन बन सकें और उचित रखरखाव भी हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों की जन समस्याओं के निवारण के लिए सभी विकास खंडों में तीसरे बुधवार को जन सुनवाई की जाए और वहां पर सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहें। जो 150 हाईटेक नर्सरी तैयार की जानी है, उसके बारे में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# सिकंदराबाद में अग्निपथ के विरोध में बवाल, ट्रेन में लगाई आग, पुलिस फायरिंग में एक की मौत



बीएनएम@

हैदराबाद। सेना में युवाओं की भर्ती के लिए केन्द्र सरकार की घोषित अग्निपथ योजना के विरोध में सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने सिकंदराबाद मुख्य रेलवे स्टेशन पर रेलवे पार्सल ऑफिस और ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बों को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। इस फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई है। प्रदर्शन को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे ने दो सौ से अधिक ट्रेनों और शहर की एमएमटीएस रेल सेवा को रद्द कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक युवा रेलवे ट्रैक पर कब्जा करे बैठे थे। केन्द्र सरकार की सेना में युवाओं की भर्ती के लिए नई योजना अग्निपथ के विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रदर्शन किया। पुलिस के अनुसार बड़ी संख्या में युवकों ने 9 बजे के आसपास सिकंदराबाद मुख्य रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रदर्शन किया और रेलवे पार्सल ऑफिस, रेस्टोरेंट और एक ट्रेन के डिब्बों को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों के प्लेटफार्म पर खड़ी हावड़ा जाने वाली ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस को आग लगाने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान भागदौड़ में 20 से अधिक यात्री गंभीर रुप से घायल हुए है। प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस ने इस फायरिंग में एक आंदोलनकारी की मौत होने की पुष्टि की है। मृतक की पहचान दामोदर के रूप में हुई है। प्रदर्शन को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने आपातकालीन बैठक बुलाई और अपने रेलवे क्षेत्र की दो सौ से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया। साथ ही शहर में एमएमटीएस रेल सेवा को भी रद्द कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक हिंसक प्रदर्शन जारी था। रेलवे पुलिस के डायरेक्टर जनरल संदीप शांडिल्य ने आंदोलनकारी से बातचीत करने के प्रयास किया लेकिन हिंसा बढ़ती देख कर वह पीछे हट गए। पुलिस ने दोबारा फायरिंग करने की चेतावनी दी है। हजारों युवा अभी भी रेल पटरी पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने रेलवे स्टेशन के निकट राज्य परिवहन निगम के बस को भी नुकसान पहुंचाया है। समाचार मिलने तक पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटने का निर्णय लिया है और रेलवे स्टेशन की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी है।

## NEWS IN BRIEF

### सिक्किम सरकार करेगी अग्निवीरों की सीधी भर्ती: मुख्यमंत्री तमांग

गंगटोक, 17 जून (हि.स.)। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने 'अग्निपथ योजना' की सराहना करते हुए घोषणा की है कि सेना में चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद सिक्किम सरकार विभिन्न पुलिस सेवाओं में अग्निवीरों की सीधी भर्ती करेगी। मुख्यमंत्री तमांग ने कहा कि 'अग्निपथ योजना' शुरु करने का निर्णय सराहनीय है। यह योजना पिछले दो वर्षों में सशस्त्र बलों की कमी को दूर करेगी और हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी खोलेगी। उन्होंने घोषणा की है कि सिक्किम सरकार राज्य के अग्निवीर को सेना में चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद विभिन्न पुलिस सेवाओं में सीधी भर्ती करेगी। मुख्यमंत्री ने इस योजना और दूरदर्शी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से रक्षा प्रणाली मजबूत होगी और युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

### देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 13,216 नए मरीज

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में शनिवार सुबह आठ बजे तक कोरोना वायरस से संक्रमित 13,216 नए मरीज मिले हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी को मात देने वालों की संख्या 8,148 रही।वहीं, कोरोना से 23 लोगों की मौत हुई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में अबतक कुल 4 करोड़ 26 लाख 67 हजार 088 कोरोना के मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। मौजूदा रिकवरी दर 98.63 प्रतिशत है। फिलहाल देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 68 हजार, 108 है। दैनिक संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत है।

## कोविड के बाद फंगल इन्फेक्शन से जूझ रही हैं सोनिया गांधी

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी करीब दो हफ्ते पहले कोरोना संक्रमित हो गईं थीं। जिसके बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट किया था और विशेषज्ञों के सलाह पर घर से ही इलाज करा रही थी लेकिन पिछले सप्ताह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जयराम रमेश ने शुक्रवार को एक बयान जारी कहा कि सोनिया गांधी इस समय पोस्ट कोविड इफेक्ट के साथ-साथ फंगल इन्फेक्शन से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को कोरोना होने के बाद अचानक उनकी नाक से खून आया था, जिसके बाद उन्हें 12 जून को गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जयराम रमेश ने कहा कि इस समय उन्हें पोस्ट कोविड इफेक्ट के साथ-साथ सांस नली के निचले हिस्से में फंगल इन्फेक्शन का भी पता चला है। कांग्रेस अध्यक्ष फिलहाल अभी डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

## मुख्यमंत्री गहलोत के भाई अग्रसेन के घर व दुकान पर सीबीआई का छापा

बीएनएम@जोधपुर

जोधपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के ठिकानों पर शुक्रवार अलसुबह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने छापा मारा है। उन पर किसानों के नाम पर सब्सिडी पर खरीदे पोटाश को अवैध रूप से निजी कंपनियों को बेचने का आरोप है। शुक्रवार को सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम ने मुख्यमंत्री गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के घर और दुकान पर छापा मारा है। अग्रसेन गहलोत पर आरोप है कि 2007 से 2009 के बीच फर्टिलाइजर बनाने के लिए जरुरी पोटाश किसानों में बांटने के नाम पर सरकार से सब्सिडी पर खरीदी और इसे निजी कंपनियों को बेचकर मुनाफा कमाया। इस मामले की जांच में भी चल रही है। कस्टम विभाग ने अग्रसेन की कंपनी पर करीब 5.46 करोड़ रुपये की पेनल्टी भी लगाई थी। अग्रसेन की अपील पर हाई कोर्ट ने ईडी से जुड़े मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। अब इस मामले में सीबीआई ने जांच शुरु की है। बताया गया कि जिस समय सीबीआई उनके घर पहुंची, उस समय अग्रसेन घर पर ही थे। सीबीआई की टीम में पांच अधिकारी दिल्ली और पांच अधिकारी जोधपुर से हैं। फिलहाल टीम के सदस्य जांच में जुटे हैं। अंदर किसी को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। बताया जाता है कि सीबीआई की एक टीम दुकान पर भी पहुंची है। दोपहर तक सीबीआई की टीम इस पर अनुसंधान में लगी थी।

## गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के ठिकानों पर छापेमारी

बीएनएम@जोधपुर

जोधपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के ठिकानों पर शुक्रवार अलसुबह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने छापा मारा है। उन पर किसानों के नाम पर सब्सिडी पर खरीदे पोटाश को अवैध रूप से निजी कंपनियों को बेचने का आरोप है। खबर लिखे जाने तक सीबीआई की कार्रवाई जारी थी। शुक्रवार को सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम ने मुख्यमंत्री गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के घर और दुकान पर छापा मारा है। अग्रसेन गहलोत पर आरोप है कि 2007 से 2009 के बीच फर्टिलाइजर बनाने के लिए जरुरी पोटाश किसानों में बांटने के नाम पर सरकार से सब्सिडी पर खरीदी और इसे निजी कंपनियों को बेचकर मुनाफा कमाया। इस मामले की जांच में भी चल रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ अरसे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने भी छापेमारी की थी। मुख्यमंत्री गहलोत इस वक्त दिल्ली में व्यस्त हैं। इस छापेमारी को राजनीतिक ढंग से भी देखा जा रहा है। सीबीआई रेड की जानकारी मिलने पर शहर में चर्चा का माहौल गर्मा गया है।





## असम के 28 जिलों में बाढ़ का कहर



बीएनएम@गुवाहाटी

गुवाहाटी। असम समेत पूरे पूर्वोत्तर में लगातार हो रही बरसात के चलते बाढ़ और भूस्खलन से सामान्य जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इस वर्ष एक महीने बाद दूसरी बार आई बाढ़ ने लोगों को बुरी तरह से डरा दिया है। राज्य के 28 जिलों में बाढ़ का कहर लोगों पर बरपा है। बाढ़ के कारण सड़क और पुलों के क्षतिग्रस्त होने से कई इलाकों में संपर्क व्यवस्था पूरी तरह से कट गया है। असम की राजधानी गुवाहाटी समेत कई शहरों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गयी है। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी 20 जून तक हल्की से भारी बरसात की चेतावनी जारी की है। लगातार बरसात के चलते राज्य में मानस, पगलादिया, पुथिमारी, जिया भराली और ब्रह्मपुत्र आदि नदियां कई इलाकों में खतरे के निशान के आसपास बह रही हैं। असम के कई जिलों में नदियों के किनारे बने तट बंध टूट गये हैं, जिसके चलते भारी तबाही की स्थिति पैदा हो गयी है। कार्बी आंगलोंग में स्थित जल विद्युत प्रकल्प से छोड़े गये पानी के कारण कपिली नदी नगांव जिला के कामपुर और होजाई जिलाके में तबाही मचा रही है। वहीं डिमा हसाउ जिला अभी तक पहली बार की बाढ़ से उबरा भी नहीं था कि फिर से हालात बेहद खराब हो गये हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से शुक्रवार देररात को जारी सूचना के अनुसार राज्य के 28 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें बजाली, बाक्सा, बरपेटा, बिश्वनाथ, बंगाईगांव, चिरांग, दरंग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, डिमा-हसाउ, ग्वालपारा, होजाई, कामरुप, कामरुप (मेट्रो), कार्बी आंगलोंग वेस्ट, कोकराझार, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर, शोणितपुर, दक्षिण सालमारा, तामुलपुर, तिनसुकिया और उदालगुरी जिला शामिल हैं। बजाली, बरपेटा, दरंग, ग्वालपारा, कामरुप (मेट्रो), कोकराझार, नलबारी, उदालगुरी जिला शहरों में भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। राज्य के 28 जिलों के 96 राजस्व मंडल के 2930 गांव प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से राज्य की कुल 1894373 जनसंख्या प्रभावित हुई है। इनमें 351798 बच्चे और 699144 महिलाएं शामिल हैं। वहीं बाढ़ के चलते 43338.39 हेक्टेयर फसल क्षेत्र भी पानी में डूब गया है।

# BNM Fantasy



## 'गुड लक जेरी' का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

'धड़क' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली खूबसूरत अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की फिल्म 'गुड लक जेरी' का फर्स्ट लुक पोस्टर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म 'गुड लक जेरी' के दो पोस्टर शेयर किए हैं। पहले पोस्टर में उनके हाथ में गन नजर आ रही है और वह काफी डरी हुई लग रही हैं। वहीं दूसरे पोस्टर में वह एक टेबल के पीछे छिपी नजर आ रही हैं और उनका आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। पोस्टर्स को शेयर करते हुए जान्हवी ने लिखा- 'निकल पड़ी हूं मैं एक नए एडवेंचर पर, गुड लक नहीं बोलेंगे?' जान्हवी कपूर ने बताया है कि फिल्म 29 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी।

# प

*प्रियंका चोपड़ा ने खास अंदाज में दी माँ मधु चोपड़ा को जन्मदिन की बधाई*

बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा आज अपनी माँ मधु चोपड़ा का जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी माँ को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, इसमें उनकी माँ मधु अपनी नातिन यानी प्रियंका की बेटी मालती को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं और साथ में प्रियंका चोपड़ा भी हैं। हालांकि इस तस्वीर में भी प्रियंका ने अपनी बेटी का चेहरा नहीं दिखाया है। तस्वीर को शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा-'जन्मदिन की बधाई मम्मा।आप अपनी इस पॉजीटिव मुस्कान के साथ हमेशा मुस्कुराते रहें। आप मुझे जीवन के लिए अपने उत्साह और हर एक दिन के अनुभवों से बहुत प्रेरित करती हैं! आपका यूरोप ट्रिप सबसे अच्छा बर्थडे सेलिब्रेशन था जिसे मैंने कुछ समय में देखा है। लव यू टू मून एंड बैक टू नानी।' सोशल मीडिया पर प्रियंका का यह पोस्ट वायरल हो रहा है। प्रियंका के इस पोस्ट पर फैंस के साथ -साथ मनोरंजन जगत की हस्तियां भी उनकी माँ मधु चोपड़ा को जन्मदिन की बधाई दे रही हैं। प्रियंका चोपड़ा अपनी माँ के बहुत करीब हैं और अक्सर उनके साथ अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।



## चार चांद लगाने से चूकीं अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी

### *नहीं तोड़ पाए बॉक्स ऑफिस का चक्रव्यूह*



20 साल पुराना गाना। पांच साल पुरानी फिल्म की रीमेक और दो साल से रिलीज का इंतजार करती फिल्म। अपने जमाने में लाखों दिलों की धड़कन रहीं अभिनेत्री भाग्यश्री के बेटे अभिमन्यु दासानी की नई फिल्म 'निकम्मा' दक्षिण की हिट फिल्म की एक कमजोर रीमेक है। 'एमसीए' यानी 'मिडिल क्लास अब्बायी' नाम से 2017 में रिलीज हुई नानी और साई पल्लवी की फिल्म की इस रीमेक से ये भी पता चलता है कि हिंदी सिनेमा वाकई कितना आलसी हो चला है। कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा, कैटेगरी की फिल्म 'निकम्मा' करीब ढाई घंटे के समय की ऐसी बर्बादी है जिसका दोष सिर्फ और सिर्फ इस फिल्म से पहले इसके धुआंधार प्रचार को ही दिया जा सकता है।47 साल की हो चुकीं शिल्पा शेट्टी ही फिल्म 'निकम्मा' देखने आए गिनती के दर्शकों के लिए फिल्म देखने का मुख्य कारण रहीं। फिल्म की पटकथा बहुत ही कमजोर है। फोकस में देवर भाभी का रिश्ता है। लेकिन, वैसा नहीं जैसा 'नदिया के पार' या इसकी रीमेक 'हम साथ साथ हैं' में लोग देख चुके हैं। यहां देवर के जीवन में अपना कोई उद्देश्य नहीं है। फिल्म का नाम ही उसके किरदार पर है। भाभी परिवहन विभाग की अफसर है। दोनों की बनती नहीं है। बीच बीच में कहानी को लव स्टोरी बनाने की कोशिश भी चलती रहती है और फिर जरूरत आ जाती है जब देवर को अपना धर्म निभाना है। उसे भाभी की लक्ष्मण रेखा बनना है। कहानी बुरी नहीं है। तेलुगू में ये सुपरहिट भी रही है। लेकिन, इसका हिंदी रूपांतरण खोखला और बहुत ही नकली टाइप दिखता है।फिल्म 'निकम्मा' के निर्देशक साबिर खान का रिपोर्ट कार्ड उनकी फिल्मों 'कमबख्त इश्क', 'हीरोपंती' और 'बागी' तक ठीक ही रहा। फिर 'मुन्ना माइकल' ने उनका रास्ता काट दिया। 'कमबख्त इश्क' तमिल फिल्म 'पम्मल के संबंधम' की रीमेक है। 'हीरोपंती' साबिर ने तेलुगू फिल्म 'पारुगु' की रीमेक के तौर पर बनाई और उनकी तीसरी फिल्म 'बागी' तेलुगू फिल्म 'वर्षम' की रीमेक रही। एक तरह से देखा जाए तो साबिक रीमक के मास्टर रहे हैं। पर इस बार फिल्म 'निकम्मा' में उनका दांव सही नहीं बैठा।